# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस-नोट

**दिनांक- 21.11.2025**

**विषयः - थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा पाक्सो एक्ट के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व मे थाना चोलापुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0स0 464/2025 धारा 5M/6 पाक्सो एक्ट थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित नामजद वांछित अभियुक्त चाँद उर्फ धुनधुन तिवारी पुत्र बैजनाथ तिवारी निवासी पलहीपट्टी थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी को आज दिनांक- 21.11.2025 को समय करीब 12.15 बजे भैठौली माता मन्दिर को जाने वाले मार्ग पर स्थित स्कूल के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना चोलापुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-**

दिनांक 20.11.2025 को वादी मुकदमा ने स्वयं के नाबालिग भतीजा उम्र करीब 05 वर्ष के साथ विपक्षी द्वारा दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया जिसके आधार पर थाना चोलापुर मे सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 विपिन पाण्डेय द्वारा संपादित की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

चाँद उर्फ धुनधुन तिवारी पुत्र बैजनाथ तिवारी निवासी पलहीपट्टी थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी उम्र करीब 19 वर्ष।

**आपराधकि इतिहास/सम्बन्धित मुकदमें का विवरण-**

मु0अ0सं0- 0464/2025 धारा 5M/6 पाक्सो एक्ट थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समयः-**

दिनांक 21.11.2025 समय 12.15 बजे, भैठौली माता मन्दिर को जाने वाले मार्ग पर स्थित स्कूल के पास से।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

उ0नि0 विपिन पाण्डेय, उ0नि0 वीरेन्द्र प्रताप शाही व हे0का0 रजनीश सिंह थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी




सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन,
कमिश्नरेट वाराणसी।